## एक नजर में

### निंगवाल के तबादले के विरोध में जनता सड़कों पर उतरी

शिवपुरी, 14 जून. जिले की करैरा तहसील में एसडीएम अनुराग निंगवाल के तबादले को लेकर जनता ने विरोध प्रदर्शन किया. लोगों ने एकजुट होकर सड़क पर उतरकर एसडीएम के स्थानांतरण आदेश को रद्द करने की मांग की. प्रदर्शनकारी करैरा तहसील कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि अनुराग निंगवाल के कार्यकाल में आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा था. उन्होंने भू-माफियाओं, अवैध उत्खनन और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की थी. इससे क्षेत्र की जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा था. प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने करैरा विधायक रमेश खटीक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. प्रदर्शनकारियों ने 'विधायक मुर्दाबाद' के नारे लगाए और आरोप लगाया कि यह तबादला जनता की भावनाओं के विपरीत किया गया है.

### खेत में पलटा ट्रैक्टर युवक की दबने से मौत

**रतलाम।** जिले के सरवन थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा ग्राम बड़ीकला के एक खेत में हुआ, जहां ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामदेव (20), पिता कालूसिंह निनामा, निवासी ताराघाटी, थाना सरवन शुक्रवार को ग्राम बड़ीकला स्थित खेत पर कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया.

### चाकघाट टमस नदी में डूबने से दो युवकों की मौत, तीसरे को बचाया

**रीवा, 14 जून.** चाकघाट एमपी-यूपी सीमा स्थित गौरा टमस नदी में नहाने आएं एक ही परिवार के दो युवकों की नदी में डूबने से मौत हो गई. सूचना के बाद दोनों सीमाओं की पुलिस मौके पर पहुंची है. बताया गया चीख पुकार सुन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मौके पर पहुंचकर बचाने का प्रयास किया. लेकिन दोनों युवकों को बचाया नहीं जा सका. फिलहाल रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाल लिया गया है. मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश सीमा नारीबारी चौकी, शंकरगढ़ थाना भारत नगर के रूप में हुई है.

# लाड़ली बहनों को 1835 करोड़ की सौगात

- विकास परियोजनाओं की हुई बारिश : सीएम यादव
- 190 करोड़ से अधिक के 53 कार्यों का लोकार्पण




**सागर, 14 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले के केसली में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 1835 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की.**

इस दौरान उन्होंने लाड़ली बहना योजना की 37वीं किस्त जारी करते हुए प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 1500 रुपये भेजे. सागर जिले की 4.15 लाख से अधिक बहनों को 61.14 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई. मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 190.85 करोड़ रुपये लागत के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया. इनमें 68.83 करोड़ रुपये के 25 कार्यों का लोकार्पण तथा 122.02 करोड़ रुपये के 28 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है.

डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का मजबूत आधार बनी है. बहनें इस राशि का उपयोग परिवार के संचालन, बच्चों की शिक्षा और घरेलू जरूरतों में कर रही हैं. उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और नेतृत्व से मध्यप्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने केसली और देवरी क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं. इनमें 550 करोड़ रुपये की लागत वाली थावरी जलाशय परियोजना, देवरी में 100 बिस्तरों का अस्पताल, प्याज-लहसुन खरीदी केंद्र, सांदीपनि विद्यालय का दूसरा चरण, कई स्कूलों का उन्नयन तथा देवखंडेराव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा शामिल है.

> मुख्यमंत्री ने कृषक कल्याण वर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कर रही है. प्रदेश में सिंचित रकबा 44 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 65 लाख हेक्टेयर हो चुका है और इसे 100 लाख हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है. उन्होंने दुग्ध उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की योजनाओं की भी जानकारी दी.

## शर्मा परिवार ने अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति को भेंट की टाइमर मशीन

जावरा। नगर में नर सेवा को ही नारायण सेवा मानकर कार्य कर रही अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति को जनहित के कार्यों में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से शर्मा परिवार द्वारा एक आधुनिक फिजियोथेरेपी मशीन भेंट की गई। यह पुनीत कार्य नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर. एन. मंडवारिया और डॉ. अतुल मंडवारिया की सत्प्रेरणा से किया गया। संजय कॉम्प्लेक्स निवासी शर्मा परिवार ने अपने भांजे स्वर्गीय सार्थक शर्मा (सुपुत्र निकिता-बंसीलाल शर्मा, धामनोद) की पुण्य स्मृति में यह मशीन दान की है। स्वर्गीय सार्थक के नाना-नानी श्रीमती सुशीला-चिंतामणि शर्मा एवं मामा विवेक शर्मा व संयम शर्मा द्वारा अन्नक्षेत्र जन कल्याण समिति के सुभाष जैन को फिजियोथेरेपी के लिए 2 चैनल टीईएमएस विथ टाइमर मशीन सप्रेम भेंट की गई।

# ट्रक से भिड़कर पलटी यात्री बस, तीन की मौत

- दर्दनाक बस हादसे में 12 यात्री गंभीर घायल



**कटनी, 14 जून. कटनी जिले के कुठला थाना क्षेत्र में रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में यात्री बस ट्रक से टकराकर पलट गई.**


हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक यात्री घायल हो गए. कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है.

लमतरा के पास इंडस्ट्रियल एरिया ब्रिज के नजदीक यात्रियों से भरी बस सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. हादसे के समय बस में करीब 35 से 40 यात्री सवार थे.

दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई. स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक हादसे में तीन यात्रियों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं. गंभीर रूप से घायल यात्रियों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है.

# 42 तोला सोना व 4 किलो चांदी के जेवरात पार

**सिवनी, 14 जून. तहसील केवलारी क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच रविवार देर रात नगर के बिनेकी रोड स्थित छोटे रेलवे ब्रिज के पास एक मकान में अज्ञात चोरों ने सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया.**



चोरों ने घर में सो रहे परिवार के सदस्यों के कमरे का दरवाजा बाहर से लॉक कर दिया, गोदरेज अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और उनके बिल लेकर फरार हो गए. वारदात के दौरान चोरों द्वारा घर में रखा गंजी का दही पीने की बात भी सामने आई है. पीड़ित अभय तिवारी पिता अशोक तिवारी ने बताया कि घटना रात लगभग 12 बजे से 3 बजे के बीच हुई. अज्ञात चोर पीछे के दरवाजे से घर में दाखिल हुए और परिवार के सो रहे कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया. उन्होंने अलमारी में रखे थैले से 42 तोला सोना एवं लगभग 4 किलो चांदी के जेवरात, उनके खरीद बिल सहित निकाल लिए. बताया गया कि चोर जेवरों के डिब्बे पीछे बाड़ी में ले गए, वहां से जेवर निकालकर डिब्बे छोड़ दिए और फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई. प्रारंभिक जांच के लिए एसडीओ आशिष भंराडे, टीआई प्रीतम सिंह तिलगाम, एसआई विक्की धुर्वे सहित पुलिस टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंची. इसके बाद सिवनी पुलिस अधीक्षक कृष्ण लाल चंदानी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मामले की गहन जांच कर शीघ्र आरोपियों का पता लगाने के निर्देश दिए.

## युवक की नहाने के दौरान डुबने से मौत

**बाग ( धार ).** अपने दोस्तो के साथ कोटेश्वर नर्मदा जी स्नान करने गये युवक की नहाने के दौरान डुबने से मौत हो गई ।

बताया जा रहा हे शनिवार को बाग से अपने मित्रों के साथ मनीष बाहेती कोटेश्वर नर्मदा जी के दर्शन करने व वहां स्नान के लिए गये थे ।सभी लोग साथ में नहा रहे ओर करीब उस समय वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान कर रहे थै लेकिन मनीष कब गहरे पानी मे चलै गये ये किसी को पता नही चला ।मनीष के नहीं मिलने पर गोताखोरो की मदद ली गईं ।

# एसपी ऑफिस के पीछे चल रही अवैध कट्टा फैक्ट्री

## तेज गानों की आड़ में बन रहे थे हथियार, पुलिस ने दबिश देकर खोला बड़ा राज

**भिंड, 14 जून. पुलिस ने शहर के बीचों-बीच चल रही अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है. हैरानी की बात यह है कि यह फैक्ट्री पुलिस अधीक्षक कार्यालय और कलेक्ट्रेट से कुछ ही दूरी पर स्थित दुर्गा नगर इलाके में संचालित हो रही थी. आरोपी इतने शातिर थे कि हथियार बनाने के दौरान मशीनों और हथौड़ों की आवाज छिपाने के लिए तेज आवाज में गाने बजाते थे.**



पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा को लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद विशेष टीम गठित की गई. नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में पुलिस ने दुर्गा नगर स्थित एक मकान पर छापा मारा. कार्रवाई के दौरान अवैध हथियार निर्माण का पूरा कारखाना सामने आ गया. मौके से छह तैयार और चार अधबने .315 बोर के कट्टे, दो जिंदा कारतूस .315 बोर तथा तीन कारतूस 12 बोर के बरामद किए गए. इसके अलावा भट्टी, ग्राइंडर मशीन, पाइप, स्प्रिंग, हथौड़े और अन्य उपकरण भी जब्त किए गए. पुलिस ने फैक्ट्री संचालक राजू उर्फ राजकुमार राजावत और उसके बेटे दीपू राजावत को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो कारीगर मौके से फरार हो गए.

# नहाने गए दो दोस्त नर्मदा में डूबे

**जबलपुर, 14 जून. बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी स्थित सिलुआ घाट पर रविवार को दोस्तों के साथ नर्मदा नदी में नहाने गए दो दोस्तों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई.**

जानकारी के अनुसार, सिलुआ चौड़ा निवासी सागर पटेल (17) और ध्रुव पटेल (19) अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ रविवार सुबह 11 बजे सिलुआ घाट पर नहाने के लिए पहुँचे थे. सभी दोस्त नदी के किनारे नहा रहे थे और मस्ती कर रहे थे. इसी बीच नहाते-नहाते सागर और ध्रुव अचानक किनारे से आगे बढ़कर गहरे पानी की ओर चले गए. नदी में तेज गहराई होने के कारण दोनों खुद को संभाल नहीं पाए और देखते ही देखते पानी के तेज बहाव में लापता हो गए. साथ आए अन्य तीन दोस्तों ने जब सागर और ध्रुव को पानी में डूबते और मदद के लिए हाथ-पैर मारते देखा, तो उनके होश उड़ गए. दोस्तों ने तुरंत चीख-पुकार मचाते हुए आसपास के ग्रामीणों को आवाज दी. ग्रामीणों ने फौरन इसकी सूचना गौर चौकी पुलिस को दी. डूबने की खबर मिलते ही गौर चौकी पुलिस बल के साथ तत्काल सिलुआ घाट पहुँची. युवकों की तलाश के लिए तुरंत एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम को रेस्क्यू के लिए उतारा गया.

नदी की गहराई और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू टीम को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. करीब घंटों की भारी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने दोनों युवकों के शवों को ढूंढ निकाला और पानी से बाहर लाए. जैसे ही दोनों युवकों के शव घाट पर आए, वहाँ मौजूद परिजनों और ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

# 30 लाख की रेत जब्त, 50 ट्रैक्टर जब्त

## अवैध रेत माफियाओं पर प्रशासन का बड़ा प्रहार



**ग्वालियर, 14 जून. जिले में अवैध रेत कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत माफियाओं पर शिकंजा कस दिया है. पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाकर 30 लाख रुपये से अधिक मूल्य की अवैध रेत जब्त की है. इस कार्रवाई से अवैध खनन और परिवहन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है.**

अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर करीब 7,930 घनमीटर अवैध रेत बरामद की गई. इसके साथ ही रेत के अवैध परिवहन में लगे 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की जांच की गई, जिनमें कई वाहनों को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू की गई है.

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जिले में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं. शिकायतों के आधार पर पुलिस और खनिज विभाग ने संयुक्त रणनीति बनाकर यह कार्रवाई की. अधिकारियों का कहना है कि रेत माफियाओं के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी स्तर पर नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट रोकने और राजस्व नुकसान को बचाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी चलाए जाएंगे.

वहीं अवैध खनन से जुड़े लोगों को चेतावनी दी गई है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. इस बड़ी कार्रवाई को जिले में रेत माफियाओं के खिलाफ अब तक की महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है.



# गोलियों की आवाज से गूंजा दतिया


**दतिया, 14 जून.** शहर एक बार फिर गोलियों की आवाज से दहल उठा. कोतवाली थाना क्षेत्र के वासन का पुरा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते सात बदमाशों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया. घर के बाहर बैठे राकेश कुशवाहा को पहले घेरकर बेरहमी से पीटा गया और फिर उस पर गोली चला दी गई. गोली उसके हाथ में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. वारदात के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. जानकारी के अनुसार राकेश कुशवाहा अपने घर के बाहर बैठा था, तभी दो बाइकों पर सवार होकर सात आरोपी वहां पहुंचे. आरोप है कि किशन कुशवाहा, अजय कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, छोटू, सौरभ खान, शिव यादव और हर्ष लाला ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी. विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने राकेश के साथ मारपीट की.

# हिंदू युवती के साथ रह रहे युवक को लेकर बवाल

- हिंदू संगठन के कार्यकर्ता युवक को पकड़कर थाने ले गए
- पुलिस ने युवक को थाने में बैठाया, की जा रही जांच

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राऊ इलाके में शनिवार रात एक युवक के हिंदू युवती के साथ रहने की सूचना पर हिंदू जागरण मंच और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और दोनों को थाने ले जाकर कार्रवाई की मांग की गई, जिसके बाद पुलिस ने युवक को एहतियातन थाने में बैठा लिया. पुलिस मामले में जांच कर रही है.**




मामला कमला नगर क्षेत्र का है, जहां सूफियान उर्फ सैफी अली निवासी सदर बाजार एक हिंदू युवती के साथ इकबाल खान के मकान में रह रहा था. इसकी जानकारी मिलने पर बजरंग दल के राम दागी और हिंदू जागरण मंच के रोहित पटेल अपने साथ कार्यकर्ताओं को लेकर मौके पर पहुंचे. कार्यकर्ताओं ने युवक को अपने साथ लेकर राऊ थाने पहुंचकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की. इसके बाद पुलिस ने स्थिति को देखते हुए युवक को रात में थाने में ही बैठा लिया. जानकारी के अनुसार सूफियान पहले बाणगंगा क्षेत्र में सैलून संचालित करता था, जहां उसकी युवती से पहचान हुई थी. बाद में वह युवती को साथ लेकर राऊ क्षेत्र में ही सैलून चला रहा था और दोनों इकबाल खान के मकान में रह रहे थे.

बताया जा रहा है कि मकान मालिक द्वारा भी इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी. हिंदू संगठनों का आरोप है कि युवक के साथ एक अन्य व्यक्ति भी मौजूद था, जिसकी पहचान फिलहाल सामने नहीं आई है. राऊ थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर ने बताया कि युवक से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिलना चाहिए : रामनिवास

**सिंगरौली ।** जिला एमेच्योर कुश्ती संघ सिंगरौली के तत्वाधान में बैढ़न स्थित काइट्स राइज विद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय विंध्य केसरी संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन विंध्य क्षेत्र के पहलवानों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने तथा कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष एसडी सिंह की उपस्थिति में हुआ।

# तिघरा डैम हादसा : दूसरे मेडिकल छात्र का शव बरामद

## पिकनिक के दौरान डूबे दोनों एमबीबीएस छात्रों की मौत, मेडिकल कॉलेज में मातम

**ग्वालियर, 14 जून. तिघरा डैम में पिकनिक मनाने गए गजराराजा मेडिकल कॉलेज के दूसरे एमबीबीएस छात्र का शव रविवार को रेस्क्यू टीम और ग्रामीणों की मदद से बरामद कर लिया गया. शनिवार को एक छात्र का शव पहले ही मिल चुका था. इस दर्दनाक हादसे से पूरे मेडिकल कॉलेज में शोक की लहर है.**



जानकारी के अनुसार दोनों छात्र शनिवार शाम डैम किनारे पिकनिक के दौरान टहल रहे थे, तभी फिसलन भरे पत्थरों पर पैर फिसलने से वे गहरे पानी में जा गिरे. घटना के बाद शुरू किए गए सर्च ऑपरेशन में शनिवार को एक छात्र का शव मिला था, जबकि रविवार को दूसरे छात्र आयुष श्रीवास्तव का शव भी बरामद किया गया. हादसे की सूचना मिलते ही दोनों छात्रों के परिजन ग्वालियर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था. मेडिकल कॉलेज परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है और सहपाठी व शिक्षक सदमे में हैं. पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपने की कार्रवाई शुरू कर दी है. कॉलेज प्रशासन ने इस घटना को संस्थान के लिए अपूरणीय क्षति बताया है.

### इनका कहना है...

यह बेहद दर्दनाक और दुखद घटना है. हमारे होनहार छात्र पिकनिक पर गए थे और वहां इस हादसे का शिकार हो गए. यह ग्वालियर मेडिकल कॉलेज के लिए एक ऐसी अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती. इस कठिन समय में संस्थान और पीड़ित परिवारों पर क्या गुजर रही है, इसे शब्दों में बयां करना मुमकिन नहीं है.

– डॉ. आर.के.एस. धाकड़, डीन
गजराराजा मेडिकल कॉलेज

**संकल्प** जबलपुर में संकल्प सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री...

# विकसित भारत-2047 संकल्प सबका है दायित्व : जितिन प्रसाद

**जबलपुर. केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि 'विकसित भारत-2047' केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का साझा संकल्प है. वे जबलपुर के रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे.**



उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास की नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त की है. आज देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है और वैश्विक मंच पर भारत की साख मजबूत हुई है. उन्होंने कहा कि भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बन चुका है और कई देश भारत के साथ व्यापारिक साझेदारी कर रहे हैं. कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि सहित कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे.

वक्ताओं ने केंद्र सरकार की योजनाओं, किसान, युवा, महिला और गरीब सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला. जितिन प्रसाद ने कहा कि आने वाले 20 वर्षों की मजबूत नींव आज रखी जा रही है और 2047 के विकसित भारत का रोडमैप तैयार हो रहा है.

> जितिन प्रसाद ने कहा कि आने वाले 20 वर्षों की मजबूत नींव आज रखी जा रही है और 2047 के विकसित भारत का रोडमैप तैयार हो रहा है. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत, टेक्नोलॉजी विकास और स्टार्टअप संस्कृति को देश के भविष्य की रीढ़ बताया. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर सम्मान और स्थिरता हासिल की है.

## एसपी के निर्देशन में पुलिस की अनूठी पहल

**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 14 जून 2026 को अंजड़ पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोहीपुरा में किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधिकारियों और स्थानीय कृषकों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अत्यंत विस्तृत, सकारात्मक एवं व्यावहारिक चर्चा हुई। वारदातों पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए पुलिस व ग्रामीणों के संयुक्त सहयोग से ठोस रणनीतियों पर अमल करने का निर्णय लिया गया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील चौराहों, खेतों की ओर जाने वाले मुख्य रास्तों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

# रक्तदान महादान है : राजेन्द्र शुक्ल

## रक्तदाता सम्मान समारोह में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

नवभारत न्यूज

**रीवा, 14 जून, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रक्तदान महादान है. रक्तदान करके मानवता की सेवा में अमूल्य योगदान दिया जा सकता है. रक्तदान से दूसरों का जीवन भी बचता है. उप मुख्यमंत्री ब्राम्हाकुमारी संस्थान रीवा द्वारा आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में शामिल हुए और रक्तदाताओं को सम्मानित किया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये.**




संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान-जीवनदान है और यह मानवता की पहचान भी है. इस पुनीत कार्य में सहभागिता कर रक्तदाताओं ने मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है. रक्तदान द्वारा जरूरतमंद व्यक्ति की जिंदगी को बचाया जा सकता है. स्वास्थ्य के लिए भी रक्तदान बहुत लाभकारी है.

रक्तदान से शरीर में जितने खून की कमी होती है उसे शरीर कुछ ही दिनों में नया रक्त बनाकर पूरा कर देता है.